>

Title: Need to provide religious code to Scheduled Tribes in the country.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): आज देश के विभिन्न प्रान्तों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा देश में विभिन्न धर्मों को दिये गये धर्म कोड की तर्ज पर अपने लिए अलग धर्म कोड की मांग बड़े जोरों पर की जा रही है। झारखंड प्रदेश में भी अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा सरना धर्म कोड की मांग बड़ी जोर शोर से उठायी जा रही है। इस पर गत् कई वर्षों से समय-समय पर देशभर में भी जगह-जगह आंदोलन किये जा रहे हैं।

मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि देश में सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के लोगों का अलग धर्म कोड देने पर विचार कर रही है। यदि हां, तो अभी तक इसकी क्या स्थिति है।